तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 18 मई 2024

14 नौतपा 25 से शुरू, 8 जून को समापन



14 भीषण गर्मी में बेसहारा मवेशियों के लिए पानी...





## खबर संक्षेप



### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फिंगेश्वर।** बाबा कुटि के जंगल में ग्राम किरवई निवासी 27 वर्षिय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोष्टमार्टम पश्चात शव को परिजनों को सौंप कर मामले को विवेचना में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह एक युवक की लाश तेंदू के पेड़ मे लटकता मिला। शव मिलनी की जानकारी आसपास गांव वालों को होने से घटना स्थल मे भीड़ लग गई। इधर फिंगेश्वर पुलिस को सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंचकर पेड़ से शव को उतारा पंचनामा की कार्यवाही कर पोष्टमार्टम के लिए चीर घर भेजा। पुलिस ने शव की पहचान ग्राम किरवई निवासी भूपेन्द्रदास मानिकपुरी के रूप मे की है। पोष्टमार्टम पश्चात शव को परिजनों के हवाले किया गया। मृतक ने किन कारणों के चलते आत्महत्या की है इसकी पुलिस जांच कर रही है। पोष्टमार्टम के बाद एवं जांच विवेचना से ही आत्महत्या के कारणों का पता चलने की जानकारी पुलिस ने दी है।

### आम तोड़ते पेड़ से गिरा युवक, मौत



**फिंगेश्वर।** नगर के मौलीपारा निवासी गौकरण विश्वकर्मा 35 वर्ष का आम के पेड़ से गिरने से मौत हो गई। पीएम करावाकर पुलिस ने शव परिजनों को सौपा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 मई को दोपहर 1 बजे सूखा नदी के पहले आम बगीचा ईट भटटा के पास आम के पेड़ से आम फल तोड़ने पेड़ मे चढ़ा था जो आम तोड़ते समय पेड़ से गिर गया। नीचे गिरने से उसे सिर मे गंभीर चोट आने व दाहिने पैर के फैक्चर होने से वह घटना स्थल पर बेहोश हो गया। आनन -फानन मे परिजनों ने उसे तत्काल संजीवनी एक्सप्रेस 108 की सहायता से सामुदायिक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर विपिन लहरे ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा है।

### बाइक एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम पचरी में बाइक के मवेशी से टकरा जाने से एक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ग्राम पचरी में बाइक क्र सीजी 06 जीवी 1688 के मवेशी से टकराने से वाहन चालक राम कुमार कृपाण निवासी बरेकेल कला की मौत हो गई। वहीं बाइक के पीछे बैठे भगवत सिंह को चोटें आई । पुलिस ने मामले में धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### शराब की अवैध बिक्री, दो लोगों पर कार्रवाई


**महासमुंद।** सांकरा और पटेवा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे दो लोगों पर कार्रवाई की। सांकरा पुलिस ने अमृतलाल चौहान पिता गोकुल चौहान (36) निवासी बारिकपाली तुकड़ा के कब्जे से 3000 एमएल महआ शराब कीमत 600 रुपए और पटेवा पुलिस ने आरोपी पूरन यादव पिता रामू यादव (48) निवासी श्यामनगर झलप के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 900 रुपए को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) क के तहत कार्रवाई की है।

# उदंती अभ्यारण्य में 2 नई प्रजातियों की तितलियां डार्क वाण्डरर और ट्री फ्लाईटर की पहचान


हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जैवविविधता के क्षेत्र में अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं के दल ने उदंती अभ्यारण्य में अध्ययन के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के लिए तितलीयों की दो नई प्रजातियों डार्क वाण्डरर और ट्री फ्लाईटर की पहचान की है। शोधकर्ताओं ने अध्ययन के लिए जुलाई 2023 में लगातार तीन दिनों तक अभ्यारण्य के साथ टाइगर रिजर्व के बफर जोन के विभिन्न आवास क्षेत्रों का दौरा किया। शोधकर्ताओं ने पाया की अभ्यारण्य और टाईगर रिजर्व का इलाका जैवविविधता के मामले में बेहद संपन्न है। यहां तितलीयों के अनुकुल आवास में मात्र तीन दिनों के दौरे में अध्ययन दल के द्वारा कुल 76 प्रजाति की तितलीयों की पहचान की गई। इन तितलीयों के फोटोग्राफ लेकर डाटाबेस के रूप में सग्रहित किया गया। जिनका उपयोग भविष्य में किए जाने वाले अध्ययन के दौरान किया जा सकेगा। ज्ञात हो कि उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र में तितलीयों के संबंध में किया गया यह पहला वैज्ञानिक अध्ययन है, जिसमें राज्य के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों के प्राणीशास्त्र और वनस्पति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक, शोधार्थि, स्नातकोत्तर छात्र एवं जैवविविधता संरक्षण एवं अध्ययन में अग्रणी गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके पूर्व उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र से भारतीय प्राणीविज्ञान सर्वेक्षण संस्थान के वैज्ञानिको के ▸▸|शेष पेज 13 पर

## अब तक प्रदेश में कुल 182 प्रजातियों की तितलियों का रिकार्ड



**अनुकुल आवासः** तितलीयों के अध्ययन के साथ-साथ शोधकताओं ने यह भी जानने का प्रयास किया कि अभ्यारण्य में तितलीयों के लिए आवास अनुकुलता कैसी है। इसके लिए क्षेत्र में उपस्थित पौधे की भी जानकारी एकत्र की गई और अध्ययन के लिए चुने गए साईट पर कुल 216 पौधे की सूची तैयार की गई। इन 216 पौधे में से 61 पौधे ऐसे पाए गए जो विभिन्न प्रकार की तितलीयों के लिए पोषक पौधें होते हैं अर्थात ऐसे पौधें जिन पर तितली अपने अण्डे देती है, और फिर बाद में उन अण्डों से निकले केटरपिलर इन पौधे की पत्तियों को खाकर विकसित होते हैं। पौधे के अलावा वयस्क तितलीयों के लिए खनिज और नमी युक्त जमिन भी तितलीयों के लिए अनुकुल माहौल बनाते हैं। कुछ आवास जैसे कोयबा



इकोसेंटर ओर इसके आसपास का क्षेत्र, देवधारा जल प्रपात तक जाने वाली कच्ची वन मार्ग, और जंगल के भितर के छोटे छोटे जलाशय के किनारे जहाँ सूर्य की रौशनी सीधे जमिन तक पहुंचती है, ये तितलीयों के लिए अनुकुलतम आवास है। छत्तीसगढ़ में अब तक 180 तितलियों का रिकार्ड था अब इन 2 तितलियों के साथ 182 हो गया है, गरियाबंद जिला मे लगभग 100 से अधिक तितलियों की प्रजातियो कि विविधता पाई जाती है। जिसमें उदंती अभ्यारण, ऋषि झरन जलप्रपात, देवधारा जलप्रपात इत्यादि स्थल तितलीयो के उपयुक्त आवास स्थल हैं। वर्ष 2022 मैं ऋषि झरन जलप्रपात से छत्तीसगढ़ में 3 नए तितली के प्रजाति की पहचान की गई थी।

**समस्या :** सड़क पर बैंक कर्मियों की कार सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक खड़ी रहती है

# बैंक के पास अपनी पार्किंग नहीं, सड़कों पर वाहन खड़े होने से लगता है रोज जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

शहर में कई प्वाइंट ऐसे है जहां 10-5 मिनट नहीं बल्कि 5 से 6 घंटे तक कार और दुपहिया वाहन बीच सड़क में खड़ी रहती है। इससे ट्रेफिक जाम की नौबत तो आती ही है साथ ही लोगों को गुजरने में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। शहर के बीच गंज मार्ग पर स्टेट बैंक है। यहां कोई पार्किंग स्थल नहीं है, लिहाजा लोग अपनी दुपहिया को बीच सड़क में मजबूरी में खड़ी कर बैंक के अंदर घुस जाते हैं। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यहां गाड़ियों का अंबार लगा रहता है। ऊपर से तुर्रा यह कि बैंक में काम करने वाले कर्मियों की कार भी मेन रोड में बैंक के बंद होते तक खड़ी रहती है। इस मार्ग पर रोड डिवाइडर भी है लेकिन बैंक के सामने लोगों की सहुलियत के लिए इसे खुला छोड़ा गया है। इस खुले छोड़ गए सड़क पर बैंक कर्मियों की कार सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक खड़ी रहती है। यह भी दुर्घटना और जाम का एक कारण बनता है। ये दृश्य स्टेट बैंक के सामने का है। ऐसा दृश्य रविवार को छोड़ पूरे 6 दिन सोमवार से शनिवार तक देखने को मिलता है। लोग परेशान होते हैं। सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 4 बजे तक इस रोड में इस पॉइंट पर यही स्थिति बनी रहती है। दोपहिया के अंबार से चारपहिया वाली छोटे वाहन भी यहां बहुत मुश्किल से गुजर पाती है। रोड डिवाईडर होने के कारण और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बस स्टेण्ड से गंज रोड में जाने वाली बड़ी वाहन को इस पॉईंट पर रांग साईड की ओर मोड़ना पड़ता है। सामने से अपने साईड से आ रहे वाहन ▸▸|शेष पेज 13 पर



### दुकानदार सड़क पर फैलाकर रखते हैं सामान

गंज मार्ग में दुकानदार अपने दुकान के सामान को फैलाकर रखते हैं। नवापारा शहर में ट्रैफिक की स्थिति को हर कोई जानता है। मगर जानकर भी अंजान बना रहना पड़ता है। यहां के चौक-चौराहों और रोड डिवाईडर के बीच कटी हुई पॉईंट के तो भगवान ही मालिक हैं। कौन लेफ्ट चल रहा है और कौन राईट? इससे कोई मतलब नहीं। कौन अपने साईड में चल रहा है और कौन रांग साईड? इसकी भी परवाह किसी को नहीं। पुलिस भी इस व्यवस्था को सुधारने की बजाय भगवान भरोसे छोड़ दिया है। जिसके कारण आये दिन बड़ी-छोटी हर तरह की घटनाएं होती ही रहती है। छोटी घटना हुई तो लोग घटनास्थल से उठकर अपने-अपने रास्ते चले जाते हैं गर बड़ी घटना हो गई तो मौके पर ही वाद-विवाद, मारपीट और फसाद के बाद अस्पताल और थाना पहुंचते हैं।बहरहाल ट्रैफिक की बिगड़ी हुई व्यवस्था एक-न-एक दिन पुलिस के लिए सर दर्द जरूर बनेगा।

### शहर के तिराहे और मुख्य मार्ग पर जानलेवा रफ्तार से दौड़ती हैं गाड़ियां

नवापारा शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है। शहर के भीतर जिस रोड पर भी देखो छोटी-बड़ी गाड़ियां अपनी मनमर्जी से दौड़ रही है, जिसके चलते हर पल दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई दफा तो देखने में आता है कि 15-16 साल के लड़के बेधड़क खटारा ट्रकों, हाईवा, मेटाडोर, मिनीडोर और ट्रेक्टर जैसे भारी भरकम वाहनों को दौड़ाते हैं। खासतौर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय तिगड्डे से निकलने वाली अधिकांश गाड़ियां रांग साईड से चलते हुए भी खूनी रफ्तार में दौड़ती है। जिसे देखकर हर कोई सहम जाता है। कभी-कभी तो इनके रफ्तार को देखकर बाइक सवार या सायकल सवार उल्टा-पुल्टा ब्रेक दबाकर स्वयं को दुर्घटनाग्रस्त कर लेते हैं।

# नक्सली प्लांटेड तीन आईईडी बरामद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर के दूरस्थ वनांचल थाना शोभा से लगे अंतर्राज्यीय सीमा क्षेत्र के ग्राम कोदोमाली, इचरादी, गरीबा, सहबीनकछार जंगल क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की लगातार सूचनायें प्राप्त हो रही थी। जिस पर उचित कार्यवाही हेतु पुलिस महानिरीक्षक रायपुर, अम्बरेश मिश्रा के दिशा-निर्देश में तथा जिला गरियाबंद के उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के मार्गदर्शन में एसटीएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी, दिनांक 16 मई को थाना शोभा के ग्राम कोदोमाली, इचरादी, गाजीमुडा, गरीबा जंगल व पहाडी क्षेत्र की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर थे। ग्राम गरीबा के समीप जंगल में प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई माओवादी के नक्सलियों का डेरा दिखाई दिया। अपनी ओर पुलिस पार्टी को आता देख नक्सली जंगल का लाभ उठाकर ▸▸|शेष पेज 13 पर

# रवेली, जामगांव और तर्रा में खेल प्रशिक्षण प्रारंभ



**कोपरा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद के तत्वाधान में ग्राम रवेली, जामगांव और तर्रा में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 15 मई से सुबह 7 बजे से 9 बजे तक प्रारंभ हो गया है। जिसमें ग्राम रवेली में एथलेटिक्स खेलों का प्रशिक्षण हरिश्चंद्र निषाद व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा और ताराचंद निषाद के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रकार जामगांव में बुधलाल नेगी व्यायाम शिक्षक के द्वारा खो -खो और हॉकी खेलो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्राम तर्रा में कबड्डी का प्रशिक्षण डायमंड और यादराम साहू के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी खिलाड़ियों को पंजीयन फार्म में वितरित किए गए जो खिलाड़ी जिस खेल में रुचि रखते होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित हो सकते हैं, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 दिनों तक चलेगा।

# हरिहर स्कूल में लाटरी के माध्यम से 49 विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम



स्थानीय हरिहर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा 1ली से 12वीं कक्षा में 3री कक्षा को छोड़कर प्रवेश के लिए लॉटरी के माध्यम से छात्र -छात्राओं का चयन किया गया। उक्त प्रक्रिया को सुचारू रुप से संपन्न कराने हेतु विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं की एक टीम गठित की गई थी। जिसमें व्याख्याता ओंकार साहू ने रजिस्टर वर्क, डॉली साहू एवं हिमानी दास ने कम्प्यूटर, टोकन की प्रक्रिया अल्फिया बानो, रेणुका यादव, अर्चना सिंग, प्रगति बरेठ, कुशि शिखा, सौरभ साहू ने तथा संचालन चन्द्रकांत धनकर तथा आरती तिवारी ने किया। कक्षा 1ली में प्रवेश हेतु 50 रिक्त सीट के विरुद्ध ऑनलाइन 133 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें एक सीट महतारी दुलार योजना के लिए आरक्षित कर 49 सीट के लिए प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के उपरांत 9 आवेदन अपात्र एवं आवेदन निरस्त हुए तथा लॉटरी हेतु कुल 124 आवेदन पात्र हुए। जिसमें से 49 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। उसी प्रकार कक्षा 2री में प्रवेश हेतु 3 रिक्त सीट के विरुद्ध 60 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 25 आवेदन अपात्र पाए गए तथा लॉटरी हेतु 35 आवेदन पात्र ▸▸|शेष पेज 13 पर

# मैनपुर में भालू की आमद सीसीटीवी कैमरे में कैद





हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में पिछले कुछ दिनों से लगातार जंगली भालू की धमक से नगरवासियों में भारी दहशत देखने को मिल रहा है, बिते गुरुवार रात लगभग 12:00 बजे के आसपास जंगली भालू मैनपुर नगर के हृदय स्थल ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर के भीतर घुस गया और वहां से निकलकर नेशनल हाईवे मार्ग के बीचो-बीच आरती जनरल स्टोर के सामने मंडराते रहा, इसी दरमियान कुछ वाहनों के आने से यहां जंगली भालू पंजाब नेशनल बैंक , दुर्गा ज्वेलर्स प्रमुख गली नगर के भीतर घुस गया इस दौरान भालू का वीडियो और तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मैनपुर नगर के लोगों ने गरियाबंद वन मंडल अधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारियों से मांग किया है कि जंगली भालू लगातार मैनपुर नगर के बीचों - बीच में पहुंच रहा है। नगरवासियों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाए, उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी जंगली भालू लगातार मैनपुर नगर के आसपास दिखाई देते रहा, लेकिन कभी भालू नगर के हृदय स्थल ग्राम पंचायत नेशनल हाईवे तक नहीं पहुंचा था। आज नेशनल हाईवे ग्राम पंचायत के पास जंगली भालू ने रात में दबिश दी और यहां भालू सुबह ▸▸|शेष पेज 13 पर

■ नेशनल हाईवे मार्ग के बीचो-बीच आरती जनरल स्टोर के सामने मंडराते रहा

**बांस से निर्मित कलात्मक उत्पादों की बिक्री एवं विपणन भी सुनिश्चित करें**

# जनजाति सदस्यों को बांसशिल्प का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ें : कलेक्टर दीपक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लघु उद्योग, स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में उद्योग, अंत्यावसायी, खादी ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, एनआरएलएम एवं एनयूएलएम विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर अग्रवाल ने हस्तशिल्प विभाग के माध्यम से जिले में निवासरत अधिक से अधिक जनजाति सदस्यों को बांसशिल्प एवं गोदना कला का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि कमार जनजाति सदस्यों को बांस से निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्माण की विस्तृत प्रशिक्षण दी जाए। साथ ही प्रशिक्षण पश्चात बांस से निर्मित कलात्मक उत्पादों की बिक्री एवं विपणन भी सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। कलेक्टर ने शिल्पकारों के पंजीयन एवं उन्हें आवश्यक उपकरण, औजार के वितरण की भी जानकारी ली। उन्होंने उद्योग विभाग अंतर्गत चल रहे योजनाओं एवं औद्योगिक नीति के तहत हितग्राहियों को दिये जा रहे सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बैठक में उद्योग, अंत्यावसायी, खादी ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, एनआरएलएम एवं एनयूएलएम विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने खादी ग्रामोद्योग के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत पंजीकृत एवं लाभान्वित हितग्राहियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ▸▸|शेष पेज 13 पर



सामुदायिक कोष सहायता एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज के बारे में जानकारी ली

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# दो साल अतिरिक्त होने के बाद भी सराफा चुनाव होने के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का कार्यकाल दो साल अतिरिक्त होने के बाद भी अब भी चुनाव के आसार नजर न आने के कारण एक बार फिर से बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। इस साल 7 जनवरी को हुई आमसभा में चुनाव कराने को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन इसके बाद से लगातार विवाद हो रहा है। एक बार चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी के इस्तीफे के बाद मामला उलझा, इसको सुलझाने के बाद भी अब तक चुनाव की तिथि तय नहीं हो सकी है। इस बीच चुनाव अधिकारी को लिखे गए पत्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ऐसे में बिलासपुर एसोसिएशन ने अध्यक्ष को पत्र लिखकर सात बिंदुओं में तीन दिनों के अंदर जवाब मांगा है, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, सचिव अजय सराफ, कोषाध्यक्ष राजेश शाह का कहना है, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन की 7 जनवरी 2024 को आमसभा में यह तय किया गया कि पांच संभाग से पांच चुनाव अधिकारी होंगे और उसके बाद जल्द चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद जारी मतदाता लिस्ट में से कई सदस्यों और संगठन के पदाधिकारियों के नाम काट दिए गए।

कमल सोनी ने कहा, लोकसभा चुनाव के चलते 7 मई के बाद चुनाव की बात कही गई थी, लेकिन अचानक 11 मई को पत्र जारी किया गया, जिससे चुनाव और आगे टालने की मंशा झलक रही है। कमल सोनी ने कहा, एक साल से चुनाव प्रक्रिया को लगातार टाला जा रहा है।

## सात बिंदुओं में मांगा तीन दिनों में जवाब, कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी

### कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने कार्यवाहक अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष से 7 बिंदुओं पर जानकारी तीन दिनों के भीतर मांगी है, जिसमें चुनाव कराए जाने को लेकर किए जा रहे प्रयास, 23 जुलाई 2023 को हुई मीटिंग से संबंधित दस्तावेज, नवीन सदस्यों की संशोधित मतदाता सूची, 7 जनवरी 2024 को वार्षिक आमसभा में लिए गए निर्णय से संबंधित दस्तावेज, 2019 से 2024 तक तैयार की गई ऑडिट रिपोर्ट और खर्चों का लेखा-जोखा, 2019 से 2024 तक धारा 27, 28 के अंतर्गत जानकारी, दस्तावेज ऑडिटेड बैलेंस शीट, सराफा एसोसिएशन के सभी मूल दस्तावेज, रजिस्टर, लेखा-जोखा की मांग की गई है, ताकि दस्तावेजों से छेड़छाड़ की संभावनाएं समाप्त हो सकें। तीन दिवस के अंदर इन सभी का जवाब नहीं मिलने पर बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने सभी पदाधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।



**बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने खोला मोर्चा, कहा- एक साल से टाल रहे चुनाव**

### जल्द होंगे चुनाव

चुनाव अधिकारी नियुक्त करके उनसे चुनाव कराने कहा गया है, लोकसभा चुनाव के कारण विलंब हुआ है। जल्द ही चुनाव की तिथि घोषित करके चुनाव कराए जाएंगे।

- **अनिल बरडिया,** अध्यक्ष, सराफा एसोसिएशन

## खबर संक्षेप

### बीकॉम फर्स्ट ईयर में 51 फीसदी छात्र फेल

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बीकॉम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए। परीक्षा में 51 प्रतिशत छात्र फेल हो गए हैं। पास होने वाले छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत सिर्फ 49 प्रतिशत रहा है। रविवि द्वारा आयोजित बीकॉम प्रथम वर्ष की परीक्षा में 10 हजार 86 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से सिर्फ 4 हजार 957 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। 3832 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 1282 छात्र पूरक श्रेणी में हैं, जबकि 15 छात्रों के परिणाम रोके गए हैं। रविवि द्वारा सभी छात्रों के परीक्षा परिणाम अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्र निर्धारित तिथियों के भीतर पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्गणना के लिए आवेदन कर सकेंगे।

प्रवेश परीक्षा की आवेदन तिथि में वृद्धि : पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मूल विज्ञान केंद्र (सीबीएस) में संचालित हो रहे पंचवर्षीय एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम के सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए प्रवेश-परीक्षा एक जून को आयोजित होगी। इसके लिए आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाकर 16 मई के स्थान पर 20 मई किया गया है। प्रवेश परीक्षा के फार्म पं. रविशंकर शुक्ल विवि की वेबसाइट www.prsu.ac.in/ www.prsuuniv.in पर जाकर भरे जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए छात्र सेंटर फार बेसिक साइंसेज कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### विधिक सहायता कार्यक्रम में बंदियों से हुए रूबरू



**रायपुर।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई द्वारा केंद्रीय जेल रायपुर में गुरुवार को विधिक सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छोटे मामले, प्रतिबंधात्मक धाराओं और जमानत के अभाव में लंबे समय से जेल में विरुद्ध बंदियों को शीघ्र रिहा कराने का निर्णय लिया गया। परिषद के अधिवक्ता बंदियों से रूबरू हुए, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें कानूनी सलाह भी दी। इस मौके पर जिला अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अधिवक्ता उमाशंकर वर्मा एवं मुख्य वक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान अधिवक्ता प्रमोद तिवारी, जेल उप अधीक्षक मधु सिंह, अधिवक्ता जानकी बिल्थरे, अधिवक्ता सुशीला साहू, अधिवक्ता झरना साहू ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, अधिवक्ता सुनील पटेल, जानकी बिल्थरे, रेखा बघेल, झरना साहू आदि उपस्थित थे।

## जगदम्बा विहार से लगे 20 एकड़ से ज्यादा के प्लाट्स पर अवैध डीपीसी को किया ध्वस्त

# फिर गरजा तोड़ूदस्ता, 20 एकड़ से ज्यादा में अवैध प्लाटिंग को किया धराशायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आचार संहिता के दौरान अवैध कब्जे और अवैध प्लाटिंग की शिकायतों को दूर करने नगर निगम का तोड़ूदस्ता दूसरे दिन भी शहर के अलग-अलग हिस्सों पर गरजा। जगदम्बा विहार से लगकर 20 एकड़ जमीन पर चल रहे अवैध प्लाटिंग को रोकने तत्परता दिखाई और अवैध डीपीसी तथा सड़क निर्माण को खोद कर रास्ता बाधित किया।

गुरुवार को नगर निगम के तोड़ूदस्ता ने जन शिकायत के बाद बोरियाखुर्द में जगदम्बा विहार से लगकर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। यही नहीं, जोन के भाठागांव भर्री खार में करीब 3 एकड़, आछी तालाब के पास करीब 2 एकड़ भूमि और कुशालपुर में डबरी पाटकर की जा रही अवैध प्लाटिंग की तैयारी पर रोक लगाई। माधवराव सप्रे वार्ड के इंद्रप्रस्थ नाला किनारे चल रही ढाई एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग के दौरान बनाई जा रही सड़क और डीपीसी को जमींदोज कर दिया गया। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कहा है, अवैध प्लाटिंग के खिलाफ आने वाले दिनों में कार्रवाई तेज की जायेगी। उन्होंने ये भी कहा कि पूरी कार्रवाई जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के निर्देश पर की जा रही है।

## एफआईआर के लिए मांगा ब्योरा



- सड़कें खोद कर मार्ग बाधित
- भाठागांव और रायपुरा से लेकर कुशालपुर तक अवैध प्लाटिंग पर लगाई रोक



### कराएंगे एफआईआर

जोन 8 के कमिश्नर अरुण ध्रुव और जोन 10 के कमिश्नर रमेश जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी नींव को ध्वस्त कर दिया गया है और प्लॉट तक जाने का रास्ता उखाड़ दिया गया है। यही नहीं, रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर संबंधित प्लॉट के मालिकों का ब्योरा मांगा गया है। जानकारी मिलते ही अवैध प्लाटिंग कर्ताओं के खिलाफ डीडीनगर थाने में नामजद एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी।

### आधा दर्जन प्लाटिंग पर कार्रवाई

गुरुवार को दिनभर चली कार्रवाई में भाठागांव और रायपुरा से लेकर कुशालपुर तक निगम के बुलडोजर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने में लगे रहे। निगम के अलग-अलग दस्तों ने करीब आधा दर्जन अवैध प्लाटिंग पर एक्शन लेते हुए इस पर रोक लगाई। निगम मुख्यालय और जोन 8 का तोड़ूदस्ता अधिकारियों के साथ गुरुवार सुबह इंद्रप्रस्थ नाले के पास पहुंचा। वहां जमीन मालिकों ने प्लॉट बेचने के लिए बीच-बीच में डब्लूबीएम सड़कें बना रखी थीं। सूत्रों के मुताबिक कई लोगों को प्लॉट बेचे जा चुके हैं और उन्होंने बाउंड्रीवाल की डीपीसी भी करवा ली थी। निगम अमले ने बुलडोजर के माध्यम से इन सड़कों को काट कर डीपीसी को उखाड़ दिया। जोन 10 के नगर निवेश विभाग ने तेलीबांधा एक्सप्रेस वे के पास अवैध प्लाटिंग कर्ता द्वारा खोले गये अवैध मुरुम मार्ग को हटाकर आवागमन बाधित करते हुए मार्ग को बंद किया।

# अनवर के साथ दो अन्य से ईडी के अफसर जेल में करेंगे पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- अनवर की जमानत याचिका खारिज

राज्य में कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला के आरोप में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर का ईओडब्लू की विशेष अदालत ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। इसके साथ ही शराब घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए त्रिलोक सिंह ढिल्लन के जमानत आवेदन पर स्पेशल कोर्ट में आज सुनवाई होगी। शराब घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर सहित अरुण पति त्रिपाठी, अरविंद सिंह की न्यायिक हिरासत स्पेशल कोर्ट ने 30 मई तक बढ़ा दी है। साथ ही ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने शराब घोटाले के आरोपियों से पूछताछ करने अनुमति प्रदान की है।

गौरतलब है कि शराब घोटाला के आरोप में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर के बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश करते हुए कार्रवाई को गलत बताया। साथ ही बचाव पक्ष के वकील ने अनवर ढेबर के पास किसी तरह से पैसों के साथ घोटाला से जुड़े दस्तावेज नहीं मिलने की दलील दी, जिसका ईओडब्लू के वकील ने विरोध करते हुए शराब घोटाला में अनवर ढेबर की प्रमुख भूमिका होने का हवाला देते हुए अनवर के खिलाफ घोटाला से संबंधित पर्याप्त सबूत होने का दावा किया है।

### घोटाला के आरोपियों से जेल में पूछताछ

आबकारी घोटाला के आरोप में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह ढिल्लन से पूछताछ करने ईडी ने स्पेशल कोर्ट में आवेदन पेश किया। ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने आरोपियों से जेल में पूछताछ करने पांच दिन की अनुमति प्रदान की है। ईडी के अफसर शराब घोटाला के आरोप में बंद इन आरोपियों से 27 से 31 मई तक जेल में पूछताछ कर सकते हैं।

### उपचार नहीं मिलने पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की

अनवर ढेबर के वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश करते हुए आरोप लगाया है कि उनके मुवक्किल को कई स्वास्थ्यगत परेशानी है, जिन्हें नियमित उपचार की जरूरत है। बचाव पक्ष के वकील ने अनवर ढेबर का नियमित उपचार नहीं कराने का आरोप लगाया है। इस पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एसएसपी को पर्याप्त बल उपलब्ध कराने के आदेश दिए। बल उपलब्ध नहीं कराने पर एसपी के जिम्मेदार होने की टिप्पणी की।

# क्रिप्टो में मुनाफा मिलने का झांसा देकर 30 लाख की ठगी

- पांच लोगों के खिलाफ थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुजगहन थाना में एक व्यक्ति ने पांच लोगों के खिलाफ क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर अलग-अलग किस्तों में अपने अकाउंट में 30 लाख रुपए ट्रांसफर के साथ नकदी रुपए लेकर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने दो वर्ष पूर्व ठगी की घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस के मुताबिक अवीवा ग्रीन सिटी निवासी सुशांत कुमार सिंह ने मयूर कुमार, रजनीकांत सुचित्रा, विजय घनश्याम राठौर, अमित कुमार थापा, वेदप्रकाश तथा राजेन्द्र सिंह के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सुशांत ने पुलिस को बताया है कि ओडिशा निवासी अमित कुमार, वेदप्रकाश तथा राजेंद्र से उसकी मुलाकात कोलकाता में हुई थी। मुलाकात के दौरान उन लोगों ने सुशांतो को क्रिप्टो में निवेश करने पर हर माह 10 प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा देकर उन लोगों ने मयूर कुमार रजनीकांत सुचित्रा तथा विजय घनश्याम की गुजरात की कंपनी मेसर्स एमबीई कामर्स प्राइवेट लिमिटेड में रकम जमा कराई। रकम जमा करने के बाद रिटर्न नहीं मिलने पर कंपनी किसी दूसरे के पास बिकने का झांसा देकर मुनाफा के साथ मूलधन लौटाने में टालमटोल करते रहे। इसके बाद सुशांत ने पाचों के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई।




# तेलीबांधा तालाब में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त गार्डन के व्यवसायीकरण पर ऐतराज

- उद्यान परिसर में झूला लगाने खुदाई, रात में मशीन से चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के नाम से तेलीबांधा तालाब के समीप बने उद्यान के व्यवसायीकरण का गहोई वैश्य समाज ने विरोध किया है। प्रतिमा के सामने समाजजनों के एकजुट होकर गार्डन परिसर में राष्ट्रकवि के प्रतिमा के समीप गार्डन मशीन से खुदाई कर झूले लगाकर व्यवसायीकरण करने पर नाराजगी जताई। समाज के अध्यक्ष अशोक बानी, सचिव संजय गुप्ता ने बताया कि रायपुर विकास प्राधिकरण की जमीन पर गार्डन बना है, उस जगह पर राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा लगाने प्राधिकरण के तत्कालीन अध्यक्ष श्याम बैस ने गहोई वैश्य समाज को यह जगह दी। बाद में इस गार्डन को प्राधिकरण ने रायपुर नगर निगम को मेंटेन करने दिया, पर आज राष्ट्रकवि के नाम से निर्मित गार्डन का व्यवसायीकरण किया जा रहा है, जो गलत है।

दरअसल, तेलीबांधा तालाब को रिक्रियेशन जोन के रूप में विकसित करने नगर निगम ने पीपीपी मोड पर एक निजी कंपनी के साथ पूर्व में अनुबंध किया है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा तेलीबांधा तालाब एरिया में 4 अलग-अलग जोन विकसित रिक्रियेशन जोन बनाया गया है। इसमें फूडजोन, योगा जोन, फ्रीडम फाइटर वॉल शामिल है। इसके एवज में नगर निगम को अनुबंधित एजेंसी द्वारा हर साल अनुबंध की शर्त के अनुसार एक निश्चित रकम का भुगतान किया जाता है। सूत्रों के मुताबिक अनुबंधित एजेंसी द्वारा दो दिन पूर्व से तेलीबांधा तालाब परिसर के राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त उद्यान में झूला लगाने के लिए मशीन लगाकर जमीन की खुदाई कराई जा रही है।

गार्डन परिसर में निर्माण की जानकारी होने पर गहोई वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने समाज के अध्यक्ष अशोक बानी की अगुवाई में प्रतिमा के सामने एकजुट होकर गार्डन के व्यवसायीकरण करने पर विरोध जताया। उनका ये भी कहना है नगर निगम द्वारा हर साल राष्ट्रकवि की जयंती और पुण्यतिथि के मौके पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता रहा है। पर एकाएक इस गार्डन में प्रतिमा के सामने मशीन लगाकर गार्डन की खुदाई कराने से उन्हें तकलीफ हुई है। इस गार्डन में रोज सुबह-शाम बड़ी संख्या में शहवासी सेहतमंदी के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इसका व्यवसायीकरण पर तत्काल रोक लगाई जाये।

- गहोई वैश्य समाज ने प्रतिमा के सामने बैठकर जताया विरोध
- महापौर एजाज ढेबर एमआईसी सदस्यों के साथ पहुंचे गार्डन, कहा- राष्ट्रकवि की गरिमा का रखा जायेगा ध्यान



### महापौर के साथ एमआईसी सदस्य और कांग्रेसी पार्षद पहुंचे गार्डन

महापौर एजाज ढेबर गुरूवार को जानकारी मिलते ही एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सहदेव व्यवहार, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, हेमंत पटेल, जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा, मनीराम साहू, पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के साथ मैथिलीशरण गुप्त गार्डन पहुंचे। और कहा गार्डन के व्यवसायीकरण किये जाने की तैयारी के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। श्री ढेबर ने गहोई वैश्य समाज के पदाधिकारियों को अपना समर्थन व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त गार्डन का व्यसायीकरण कदापि नहीं होने दिया जायेगा। इसमें राष्ट्रकवि की गरिमा एवं सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाये, इसे हर हाल में सुनिश्चित करवाया जायेगा।

# किसानों ने अब तक लिया हजार करोड़ का कर्ज, सोसाइटियों में खाद बीज का भंडारण और उठाव तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की फसलों के लिए किसानों ने बिना ब्याज का ऋण देने की प्रक्रिया तेज है। अब तक राज्य में किसानों ने एक हजार करोड़ रुपयों का ऋण उठाया है। किसानों को नकद राशि के साथ खाद भी बतौर ऋण दिया जाना है। सहकारी क्षेत्र के लिए पौने तीन लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। किसानों ने अब तक 66 हजार मीट्रिक टन खाद उठाया है।

राज्य सरकार ने इस खरीफ सीजन में किसानों को 7 हजार 3 सौ करोड़ रुपए ऋण देने का लक्ष्य रखा है। किसानों को ऋण के रूप में नकद राशि और खाद दी जाती है। सहकारी क्षेत्र के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार किसान खरीफ फसलों की तैयारी में जुट गए हैं। 15 मई की स्थिति में किसानों ने एक हजार करोड़ रुपए का ऋण उठाया है। सहकारी सिस्टम से किसानों को देने के लिए पौने तीन लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। इसमें यूरिया, एपीके, एनपीके, सुपर फास्फेट और पोटास खाद शामिल है। इसी तरह सहकारी क्षेत्र के लिए बीज का भंडारण भी किया गया है। राज्य में खरीफ सीजन में अधिकांशतः धान की खेती की जाती है इसलिए सबसे अधिक भंडारण धान के बीज का किया गया है। 75 हजार क्विंटल धान के बीज साथ कोदो, कुटकी रागी के बीज भी सोसाइटियों में उपलब्ध कराए गए हैं।

### समितियों से खाद का वितरण प्रारंभ

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 25 लाख से अधिक पंजीकृत किसान हैं। किसानों को खाद के वितरण के लिए 2058 सोसायटियां हैं। अभी यूरिया का जितना भंडारण हुआ है, उसका 18728 टन वितरण हो गया है। बोनी शुरू होते ही किसानों को खाद की समस्या से जूझना पड़ सकता है। वैसे अभी रैक आने पर जून से पहले यूरिया का पूरा भंडारण करवा का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में खाद का भंडारण लक्ष्य के अनुरूप करने का प्रयास हो रहा है।

### बीज निगम में भी 6 लाख टन धान के बीज

बीज निगम के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन को देखते हुए खाद के साथ ही बीज का भंडारण भी किया जा रहा है। प्रदेश में कुल 6 लाख 88 हजार टन बीज की उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के मुकाबले 6 लाख 60 हजार बीज का भंडारण किया जा चुका है। सहकारी समितियों में 1 लाख 40 हजार टन बीज का भंडारण किया जा चुका है। यहां पर किसानों को बीज का वितरण शुरू किया जा चुका है। प्रदेश में धान की फसल के लिए 6 लाख टन बीज की उपलब्धता है।

# लोक निर्माण के श्रमिकों को सम्मान निधि का भुगतान नहीं

- विधानसभा संभाग के श्रमिकों ने की शिकायत

**रायपुर।** लोक निर्माण विभाग के विधानसभा संभाग सब डिवीजन में कार्यरत कुशल, अकुशल और अर्धकुशल श्रमिक के रूप में कार्यरत श्रमिकों को सम्मान निधि की राशि का अब तक भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने लोक निर्माण सचिव के माध्यम से यह शिकायत करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर सम्मान निधि का भुगतान कराने का आग्रह किया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रमिकों को 4000 रुपए सम्मान निधि दिए जाने की घोषणा की गई थी। घोषणा के आर सभी डिवीजन में इसका भुगतान किया जा चुका है। विधानसभा संभाग में सब इंजीनियर के अंदर में कार्यरत श्रमिकों को यह राशि नहीं मिलने की शिकायत कर शीघ्र भुगतान कराने का आग्रह किया गया है। यहां पर एक दर्जन से ज्यादा कुशल, अकुशल और अर्धकुशल श्रमिक कार्यरत हैं।

# विश्व बैंक परियोजना : जीआईएस बेस मैप सर्वे में कई निकाय पिछड़े, अब 31 तक पूरा करना होगा परियोजना का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विश्व बैंक परियोजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 46 नगरीय निकायों को संपत्ति सर्वे, संपत्ति का ड्रोन सर्वे, जीआईएस बेसमैप तैयार करने और हर घर में डिजिटल डोर नंबर लगाने का जो काम दिया गया था वह अब तक पूरा नहीं हो पाया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने इस मामले को लेकर उन निकायों को रिमाइंडर जारी किया है जिनका काम लक्ष्य से पीछे चल रहा है। सूडा ने इस स्थिति को खेदजनक मानते हुए कहा है कि यह निकायों की उदासीनता का परिचायक है।

सूडा ने इस मामले में राज्य के कई निकायों को रिमाइंडर लेटर जारी किया है। इनमें नगर निगम धमतरी, नगर पालिका परिषद खैरागढ़, शिवपुर चरचा, आरंग, बालोद, बेमेतरा, जामुल, सरायपाली, सक्ती, दीपिका, डोंगरगढ़, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, रतनपुर, भाटापारा,



जांजगीर-नैला, तिल्दा नेवरा, बलौदाबाजार, कांकेर, कोंड़ागांव, बड़े बचेली, बीजापुर, मुंगेली, चांपा और अकलतरा शामिल है।

### अब जारी हुआ ये निर्देश

सूडा ने संबंधित निकायों को निर्देशित किया है कि निकाय में कार्यरत एजेंसी द्वारा निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्डवार किए गए डोर टू डोर सर्वे, डाटा के गुणवत्ता परीक्षण का काम दस दिन के अंदर पूरा करें। सूडा ने निकायों को एक डोर टू डोर संपत्ति सर्वे के अनुसार संपत्तियों की जानकारी देने एक प्रोफार्मा भी जारी किया है। निकायों से यह जानकारी देने कहा गया है। इसमें जीआईएस में कुल पार्सल संख्या, डोर टू डोर संपत्ति सर्वे की कुल संख्या के साथ जानकारी देनी है। इसमें संपत्ति के उपयोग, संपत्ति की संख्या, डोर लॉक्ड, नो रिस्पांस संपत्ति की संख्या की जानकारी देनी है। जिन संपत्तियों की जानकारी देनी है उनमें एग्रीकल्चर, एजुकेशनल, इमरजेंसी, शासकीय, औद्योगिक, मिश्रित, ओपन प्लाट, ओपन स्पेस, पार्क, पार्किंग, पब्लिक सर्विस, रिक्रियेशन, धार्मिक, आवासीय, निर्माणधीन, और वाटर बाडीज यानी तालाब, नहरों के बारे में जानकारी देना शामिल है।

### ये फायदा होगा

इस प्रणाली के माध्यम से विकास कार्यों के लिए जगह ढूंढना आसान होगा। जीआईएस मैपिंग में मास्टर प्लान, लैंड यूज आदि का समावेश किया जाएगा, जिससे कि शहर में ट्रैफिक की समस्या के समाधान के लिए कहां अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज या बाई पास रोड बनाई जानी है, स्टेडियम के लिए कौन सी जगह उपयुक्त होगी आदि का पता लगाना आसान होगा।

# मीसा बंदियों के लिए सम्मान निधि जारी सरकार ने दिए 35 करोड़ 42 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मीसा बंदियों को सम्मान निधि देने के लिए राज्य सरकार ने राशि जारी कर दी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह सम्मान निधि रोक दी गई थी। इसके बाद मामला कोर्ट में भी गया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि के भुगतान के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक एरियर्स एवं चालू वित्तीय वर्ष 2024 में भुगतान के लिए जिला कलेक्टर्स को 35 करोड़ 42 लाख 68 हजार रुपए की राशि का आबंटन सौंपा गया है।

### सबसे अधिक राशि दुर्ग जिले को

लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि के भुगतान हेतु जिला कलेक्टर्स को जारी आबंटन में से जिला दुर्ग को 8 करोड़ 22 लाख 12 हजार, रायपुर को 6 करोड़ 65 लाख 26 हजार, राजनांदगांव को 73 लाख 78 हजार, बिलासपुर को 3 करोड़ 90 लाख 60 हजार, बस्तर को 35 लाख 65 हजार, सरगुजा को 1 करोड़ 39 लाख 50 हजार, जांजगीर-चांपा को 1 करोड़ 73 लाख 91 हजार, रायगढ़ को 92 लाख 7 हजार, जशपुर को 79 लाख 5 हजार, धमतरी को 2 करोड़ 74 लाख 66 हजार, महासमुंद को 65 लाख 10 हजार, बलौदाबाजार को 55 लाख 80 हजार, बेमेतरा को 27 लाख 90 हजार, बालोद को 44 लाख 2 हजार और मुंगेली जिले को 65 लाख 72 हजार रुपए की राशि आबंटित की गई है। इसी प्रकार जिला बलरामपुर को 15 लाख 50 हजार रूपए, दंतेवाड़ा को 7 लाख 13 हजार रूपए, कबीरधाम जिले को 38 लाख 75 हजार रूपए, कोरिया जिले को 44 लाख 95 हजार रुपए, कांकेर जिले को 29 लाख 45 हजार रुपए, कोरबा जिले को 51 लाख 15 हजार रुपए, सूरजपुर जिले को 35 लाख 65 हजार रुपए,। राशि आबंटित की गई है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण 20 को

**महासमुंद।** परिवहन विभाग द्वारा समस्त स्कूलों में संचालित बसों के भौतिक निरीक्षण के लिए 20 मई 2024 को शिविर का आयोजन किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि पुलिस लाइन परसदा महासमुंद में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक समस्त स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने शिविर में सभी स्कूल वाहन एवं वाहन चालक/परिचालक से संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा है।



### भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संयुक्त महानिदेशक का सिरपुर भ्रमण

**महासमुंद।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संयुक्त महानिदेशक डॉ. प्रवीण मिश्रा बीते दो दिनों से सिरपुर क्षेत्र के दौरे पर रहे। दिल्ली से छत्तीसगढ़ पहुंचे मिश्रा को बुधवार और गुरुवार दौरा के दौरान सिरपुर को विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने के नॉमिनेशन डोजियर के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। यहां उन्होंने अब तक सिरपुर विकास प्राधिकरण (साडा) द्वारा कराए जा रहे पुरातत्विक, ऐतिहासिक, वास्तुकला, संस्कृति, मानव विकास, जैव विविधता और अन्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षणों की सराहना की। उन्होंने ड्रोन और फोटोग्रामीट्रिक व जीपीएस और अन्य तकनीकी सर्वेक्षणों को भी शीघ्र कराने की सलाह दी है। इस दौरान साडा के सीईओ राजेंद्र राव, शिवम दुबे, निष्ठा जोशी, शिवम त्रिवेदी, गौरव तारक और तरुण नाइ, शशि प्रताप, जीवन वर्मा और भारत पर्यटन बोर्ड से मयंक दुबे के साथ पुरातत्व सर्वेक्षण से अंशु शुक्ला उपस्थित रहे।

**चर्चा : विद्यालय निर्माण व मरम्मत कार्यों की हुई समीक्षा बैठक**

# सभी लंबित निर्माण कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- निर्माण एजेंसी द्वारा कार्यों को समय पर पूर्ण नहीं करने पर अधिकारियों ने जताई नाराजगी

शासन की महत्वपूर्ण योजना विद्यालय निर्माण एवं मरम्मत कार्य एवं शत-प्रतिशत बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए समीक्षा बैठक अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ओंकारेश्वर सिंह, डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, जनपद सरायपाली सीईओ अमित हालदार, आरईएस एसडीओ विनोद कुमार श्रीवास, एपीसी डीएन जांगड़े एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल की उपस्थिति में हुई।

इसमें निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान लंबित निर्माण कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ जून के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही बच्चों को पूर्ण और सुरक्षित भवन तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सके।

निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण नहीं करने पर उच्च अधिकारियों द्वारा नाराजगी जाहिर कर समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए। इसी प्रकार जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा संकुलवार की गई। जिसमें प्रत्येक संकुल के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि एवं शेष आवेदनों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। लक्ष्य के विरुद्ध अत्यंत कम उपलब्धि प्राप्त संकुल एवं विद्यालयों को विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जाति प्रमाण पत्र के शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले संकुल समन्वयक लिमगांव गिरधारी पटेल को सम्मानित किया गया।

समीक्षा बैठक में विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक, संबंधित प्राचार्य एवं प्रधान पाठक, इंजीनियर, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं निर्माण ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी उपस्थित रहे।

## लखनपुर में एक साथ 40 घरों में हुआ गायत्री महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के निर्देशन में सेरकेल प्रज्ञा मंडल एवं झलप इकाई द्वारा लखनपुर में एक साथ 40 घरों में गायत्री महायज्ञ किया गया। घर में सुख शांति, समृद्धि एवं राष्ट्र को समृद्ध बनाने के लिए गृहे-गृहे यज्ञ पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में महासमुंद जिले में भी सभी विकासखंडों में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। महासमुंद विकासखंड अंतर्गत लखनपुर में गायत्री प्रज्ञा मंडल सरेकेल द्वारा लखनपुर में 40 घरों में एक साथ यज्ञ किया गया। यज्ञ संचालन के लिए पटेवा, पचरी, चिरको, अछोला, महासमुंद एवं आसपास के परिजन उपस्थित हुए। जिसमें महासमुंद से ललित मेश्राम, परस चौहान, संतू लाल साहू, विश्राम साहू, भरत साहू, ओम प्रकाश, नरेश साहू, धनीराम साहू, भूखन, धनीराम, धनवंतरी सिन्हा, राधेश्याम चंद्राकर, महिला मंडल से पूर्णिमा साहू, राजकुमारी नागदेवे, प्रियंका नागदेवे, प्रेमलता साहू, नीलम साहू, पूर्णिमा, कनेश्वरी, निर्मला यादव, सरेकेल इकाई से करण बरिहा, विजय भारती, देवसिंग दीवान, परमानंद, सुकदेव साहू, ताम्रध्वज साहू, गाजीराम, बिसौहा साहू, तेजराम, जगदीश साहू, परमानंद एवं अन्य परिजनों का विशेष योगदान रहा। शाम के समय गायत्री प्रज्ञा पीठ अछोला की टीम द्वारा दीप यज्ञ का संचालन किया गया। यह जानकारी जिला युवा प्रमुख भारत साहू ने दी।




### स्वयंसेवकों को प्रदान किया गया बी सर्टिफिकेट

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत 240 घंटे की नियमित कार्य गतिविधि पूर्ण करने उपरान्त 31 स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से प्रदत्त बी प्रमाण पत्र प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान द्वारा प्रदान किया। एचएल दीवान ने सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र की उपादेयता के बारे में बताया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा ने स्वयंसेवकों को महाविद्यालय एवं राष्ट्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहने का आव्हान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर, तरूण कुमार ध्रुव, लता भोई, कार्यालय प्रमुख फलेश्वर दीवान, ऋषि वर्मा, सविता पटेल एवं रासेयो स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

## जाति प्रमाण पत्र का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासन की महत्वपूर्ण योजना विद्यालय निर्माण एवं मरम्मत कार्य एवं शत-प्रतिशत बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बैठक हुई। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान लंबित निर्माण कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ जून के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही बच्चों को पूर्ण और सुरक्षित भवन तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सके। निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण नहीं करने पर उच्च अधिकारियों द्वारा नाराजगी जाहिर कर समय सीमा में पूर्ण करने



के लिए निर्देश दिए गए। इसी प्रकार जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा संकुलवार की गई। जिसमें प्रत्येक संकुल के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि एवं शेष आवेदनों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। लक्ष्य के विरुद्ध अत्यंत कम उपलब्धि प्राप्त संकुल एवं विद्यालयों को विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जाति प्रमाण पत्र के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले विद्यालय उच्च प्राथमिक शाला मालीडीह एवं उच्च प्राथमिक शाला बृजराज को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समीक्षा बैठक में विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक संबंधित प्राचार्य एवं प्रधान पाठक, इंजीनियर, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं निर्माण ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू, डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, जनपद महासमुंद सीईओ बीएस मरावी, आरईएस एसडीओ आशीष कुलदीप, एपीसी डीएन जांगड़े, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जागेश्वर सिन्हा मौजूद रहे।

पेज 11 के शेष...

### उदंती अभ्यारण्य में...

द्वारा तितलीयो की मात्र 35 प्रातियों को रिकार्ड किया गया था।

**अध्ययन दलः** शोध अध्ययन दल का नेतृत्व राज्य की तितलीयों पर अध्ययन कर रहे सहायक प्राध्यापक हित नारायण टण्डन ने किया जो संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में प्राणीशास्त्र विभाग के विभगाध्यक्ष हैं। यह अध्ययन आईएसबीएम विश्वविद्यालय छुरा से पी-एचडी करने के लिए किए जा रहे अवलोकन का हिस्सा है, जो शोध निदेर्शक प्रसिद्ध गुफा विज्ञानी डॉ. जयन्त बिस्वास (नेशनल केव रिसर्च एण्ड प्रोटेक्शन आर्गेनाइजेशन) के निर्देशन में चल रहा है। अध्ययन के लिए उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया जिनके निर्देश पर वन विभाग के कर्मचारियों ने अध्ययन दल का मार्गदर्शन किया। तात्कालिन अपर कलेक्टर अविनाश भोई भी जैवविविधता खासकर पक्षियों के अवलोकन में गहरी रूची रखतें हैं और अध्ययन के दौरान दल के साथ रहे। शाधकर्ताओं में स्वयं सेवी सस्था कों फाउण्डेशन के रवि नायडु, बायोडायवर्सीटी कंसर्वेशन सोसॉयटी छत्तीसगढ़ के सदस्य, जगदलपुर से वनस्पति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक गुलाब चन्द, विज्ञान महाविद्यालय रायपुर के शोधार्थि श्री सर्वेश कौशिक पटेल, गौरव नाग, स्थानीय पंडित श्याम शंकर मिश्र महाविद्यालय देवभोग के छात्र रामानंद अग्रवाल तथा लाल बहादुर लामा शामिल थे। अध्ययन के दौरान कुल 10 स्थलों का अवलोकन किया गया जिसमें उदंती अभ्यारण्य तथा टाईगर रिजर्व के बफर जोन के स्थल को शामिल किया गया था। इनमें कोयबा ईकोसेंटर का कैंपस, कोयबा ईकोंसेंटर के पास का नाला, तौरेंगा वनक्षेत्र, जुगाड़ वनक्षेत्र, उदंती नदी का किनारा, पायलीखण्ड से देवधारा जल प्रपात जाने का कच्चा मार्ग, देवधारा जलप्रपात का क्षेत्र, चौकशील पहाडी का नाला क्षेत्र, कुल्हाड़ीघाट का गौठाान, और बम्हलीझोला गांव का क्षेत्र शामिल था।

### बैंक के पास...

के कारण अंततः रोड जाम हो जाता है। रोड जाम तो यहां के लिए रोज की बात है। शहर में ट्रैफिक पुलिस का न तो पोस्ट है और न ही इसके लिए कोई जवान तैनात है। जो भी करना है, रेगुलर बल के जवान को करना है। थाना यहां से किलोमीटर भर दूर है। पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी आती भी है तो उनके सामने भी यह प्रश्न उठता है कि आखिर 70-80 गाड़ियों के खिलाफ एक साथ एका-एक कैसे कार्यवाही करें।

शहर का दूसरा महत्वपूर्ण चम्पारण तिराहा का हाल है कौन सी गाड़ी किस दिशा में घुमेगी? इसे कोई नहीं बता सकता। यह एक ऐसा तिराहा है, जहां राजिम की ओर से आने वाली गाड़ी और चंपारण मार्ग से नवापारा शहर पहुंचने वाली गाड़ी तथा रायपुर की ओर से आने वाली गाड़ी इस तिराहे पर एक साथ मुड़ते हुए नजर आती है। इन गाड़ियों के ड्राईवरों को तब तक यह समझ में नहीं आता जब तक कि कोई संकेत नहीं मिलता। क्योंकि अधिकतर गाड़ियों में एंडीकेटर होता ही नहीं और ड्राईवर हाथ बताकर गाड़ी घुमाने में अपनी तौहीन समझते हैं। इस तिराहे पर हर दिन कोई न कोई घटना होती है। यातायात नियम के मुताबिक ड्राईवरों को एंडीकेटर जलाना चाहिए अथवा हाथ बताना चाहिए, परंतु ड्राईवर ऐसा करते नहीं। पता नहीं ऐसी गाड़ियों को आरटीओ के अधिकारी कैसे फिटनेस सर्टिफिकेट दे देते हैं? यदि पुलिस जांच के लिए उतारू हो जाए, तो दर्जनों गाड़ियां रोज अंदर होगी। गाड़ियों में न तो वैध पेपर मिलेगा और न ड्राईवर का लायसेंस। वैसे पूरे शहर के भीतर इन दिनों ट्रैफिक की समस्या आम हो गई है।

### नक्सली प्लांटेड...

भाग गये। मौके पर पहुंचकर पुलिस बल द्वारा क्षेत्र का सघन सर्च किया गया जहां नक्सलियों द्वारा आमजन एवं सुरक्षा बलों को जान से मारने की नियत से लगाये गये तीन आईईडी (बम) दिखाई दिये जिसे पुलिस बल के बीडीएस टीम द्वारा मौके पर नष्ट कर माओवादियों के षडयंत्र को विफल किया गया। प्रकरण में प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई माओवादी के सदस्यों के विरूद्व सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### हरिहर स्कूल में...

हुए। इसी तरह कक्षा 4थी के लिए कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 30 आवेदन पात्र एवं 18 आवेदन अपात्र हुए। कक्षा पांचवीं में कुल प्राप्त 31 में से 24 पात्र, 7 अपात्र, कक्षा छठवीं में 52 आवेदनों में से 43 पात्र एवं 9 अपात्र, कक्षा 7वीं में 31 आवेदनों में से 26 पात्र एवं 5 अपात्र, कक्षा आठवीं में 30 आवेदनों में से 24 पात्र एवं 6 अपात्र, कक्षा 9वीं में 27 आवेदनों में से 20 पात्र एवं 7 अपात्र, कक्षा 10वीं में 13 आवेदनों में 10 पात्र एवं 3 अपात्र, कक्षा 11वीं में 8 आवेदनों में सभी पात्र एवं कक्षा 12वीं हेतु एक ही आवेदन प्राप्त हुआ जो पात्र घोषित किया गया। कक्षा पहली में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों की संख्या 50 थी। जिसमें एक सीट महतारी दुलार योजना के लिए आरक्षित रखा गया शेष 49 सीट के लिए छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इसी तरह अन्य कक्षाओं में कक्षा दूसरी के लिए 3, चौथी के लिए 2, पांचवी के लिए 3, छठवीं के लिए 4, सातवीं के लिए 1, आठवीं के लिए 4 नवमीं के लिए 1, दसवीं के लिए 5, ग्यारहवीं के लिए 18 एवं बारहवीं के लिए 27 रिक्त में से केवल एक ही आवेदन प्राप्त हुए जिसे चयनित किया गया। चयनित छात्र -छात्राओं को 20 मई के पूर्व आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश लेना होगा। 20 मई तक यदि कोई छात्र छात्रा प्रवेश नहीं लेते हैं अथवा प्रवेश लेना नहीं चाहते हैं तो उन रिक्त सीटों को आरक्षण के अनुसार संबंधित कोटे के वेटिंग लिस्ट से भरा जाएगा। लॉटरी के इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि सरिता नासरे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू, नगरपालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, प्राचार्य संध्या शर्मा, परदेशीराम साहू, शिवनंदन देवांगन, बीएल अवसरिया, विजय गिलहरे व शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

### मैनपुर में भालू...

5:00 बजे तक मैनपुर नगर के विभिन्न वार्डों में घूमता रहा। रात 12:00 बजे के बाद से ही भालू के नगर के भीतर घुसने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा, लेकिन वन विभाग द्वारा भालू से ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए किसी प्रकार के कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठाया गया है, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रही है।

**जंगल में नदी, नाले व पोखर सूखने से वन्य प्राणी गांव की तरफ रूख-** तेज धूप गर्मी के कारण जंगल के भीतर नदी, नाले, पोखर व तालाब तेजी से सुख रहे हैं। अधिकांश नदी व नाले सूख चुके हैं, जिसके कारण वन्य प्राणी तेंदुआ, भालू, सांभर व चितल इन दिनों लगातार गांव के आसपास पानी की तलाश में आने लगे हैं। जिसके कारण एक ओर जहां ग्रामीणों को अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है। वहीं दूसरी ओर वन प्राणियों की भी सुरक्षा को लेकर वन विभाग को गंभीरता से सोचना होगा।

### जनजाति सदस्यों को...

अग्रवाल ने हथकरघा विभाग के तहत बुनकरों को स्वरोजगार के लिए दिये जा रहे बुनकर प्रशिक्षण एवं उनकी स्वरोजगार स्थापना के कार्य योजना के बारे में भी जानकारी ली। हथकरघा विभाग के अधिकारी ने बताया कि फिंगेश्वर में नवीन बुनाई इकाई के तहत ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर ने प्रशिक्षण पश्चात हथकरघा उत्पादों के उत्पादन एवं उनकी बिक्री भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। साथ ही बुनकरों को दिये जाने वाले सहायता, अनुदान एवं रिवाल्विंग फंड की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने राष्ट्रीय ग्रामीण एवं शहरी रोजगार मिशन के तहत चल रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने स्वसहायता समूह के गठन एवं एसएचजी को शासन की ओर से प्रदान किये जा रहे ऋण, सामुदायिक कोष सहायता एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में एनयूएलएम के तहत किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने स्ट्रीट वेंडरों के चिन्हांकन, उनको जारी किये गये आईडी कार्ड एवं पीएम स्व-निधि योजना के तहत प्रदान किये गये लोन सहायता की भी जानकारी ली।

## आत्मानंद स्कूल तुमगांव के दसवीं-बारहवीं में अव्वल रहे विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विद्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में अव्वल विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों माध्यमों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का गुलदस्ता एवं उपहार के साथ सम्मान किया गया। अंग्रेजी माध्यम के कक्षा दसवीं के छात्रों में प्रथम स्थान भूमि साहू 93.33 प्रतिशत, द्वितीय साक्षी साहू 83 एवं तृतीय खिलेश ध्रुव 82.83 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं में कामिनी कोसले 69.4 से उत्तीर्ण हुई। इसी प्रकार हिंदी माध्यम से कक्षा 10वीं में प्रथम द्रोणाचार्य साहू 77.8, द्वितीय नीतू साहू 77.6 एवं तृतीय भूमिका साहू 75.1 से उत्तीर्ण हुई।

कक्षा 12वीं में प्रथम यमन कुमार 77, द्वितीय मुकेश कुमार निर्मलकर 75.4 एवं तृतीय धनेश्वरी 74.2 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुई। विद्यालय के समस्त शिक्षक इन सभी उत्कृष्ट छात्रों के प्राप्त अंकों से खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। संस्था के प्रमुख एल कुरील ने छात्रों के भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे के अध्यापन के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी माध्यम के प्रभारी सिद्धांत गायगौरे ने छात्रों के इस प्रदर्शन में अपनी खुशी जाहिर की। छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने भी अपना अनुभव साझा किए। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख प्राचार्य कुरील, दोनों माध्यमों के सभी शिक्षक, रेवती रमण तारक, पवन डडसेना, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सजल चंद्राकर, तरुण सिन्हा, लक्ष्मी नारायण साहू, डोलेश होता, मधुरिमा शर्मा, भारती भार्गव, मोनिका यादव, चेतना फेकर आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार मैनपुर**
**जिला - गरियाबंद (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.मा.क्र. 202403220400017 ब/121

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख खलीलुद्दीन पिता शेख कमालुद्दीन जाति मोमिन निवासी ग्राम मैनपुर खुर्द प.ह.नं. 05 रा.नि. मं. मैनपुर व तहसील मैनपुर का मूल निवासी द्वारा अपने माताजी स्वः गुलजादी बेगम का मृत्यु दिनांक 24/01/2017 को होने के कारण आवेदक के माताजी स्वः गुलजादी बेगम का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन संहित आवश्यक दस्तावेज पेश किया गया है।

अगर उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/शासकीय / अर्ध्दशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वंय या अपने अधिवक्ता या आम मुख्तयार के जरिये दिनांक 30/05/2024 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मंदिर हसौद (छ.ग.)

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**



## सीएम साय से रिकेश ने की मुलाकात

**राजिम।** भाजपा के युवा नेता व सांसद प्रतिनिधि रिकेश साहू प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर बुके भेंट किया।

## शहर में तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगनी चाहिएः मिश्रा

**राजिम।** शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने कहा कि नवापारा-राजिम शहर में आए दिन दुर्घटना होते रहती है। जिसके



लिए तेज रफ्तार वाहनों पर कठोर कार्रवाई करते हुए अंकुश लगाने की आवश्यकता है। इसके लिए पुलिस प्रशासन नशे में गाड़ी चलाने वालों के लिए कठोर कार्रवाई करें। जिससे भविष्य में ऐसी गलती ना कर सके। यदि प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी तो लोग भविष्य में ऐसा गलती नहीं करेंगे। चौक चौराहा या भीड़ वाली जगह पर स्पीड ब्रेकर भी बनानी चाहिए। मालवाहक, रेत गाड़ियों को रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक ही चलने देनी चाहिए, जिससे बहुत सारी दुर्घटनाएं बच जाएंगे।

## हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने लहरौद चौक के पास हथियार लहराकर लोगों को डरा रहे युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विक्की सिंग राजपूत पिता निर्मल सिंह (19) निवासी नवा तरिया के पास बेंदरी रोड उरला जिला रायपुर लोहे के कत्ता लेकर लोगों को डराते धमकाते हुए मिला। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## जमीन विवाद को लेकर बुजुर्ग से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम जंगलबेड़ा में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति से मारपीट की घटना सामने आई है। प्रार्थी मुरलीधर साहू पिता युधिष्ठिर साहू (70) ने बताया कि आरोपी सुभाष बंछोर और 3 अन्य लोगों ने मिलकर जमीन विवाद की बात को लेकर हाथ मुक्का, डंडा से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत, दो लोग घायल

**महासमुंद।** सागरपाली पेट्रोल पंप कुछ दूरी पर तेज व लापरवाही पूर्वक बाइक चला रहे युवक की एक्सीडेंट में मौत हो गई। वहीं उसके साथ बैठे दो लोगों को चोटें आई है। मामले को लेकर सरायपाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रार्थी ताराचंद उर्फ दारा रत्नाकर निवासी ग्राम सुखापाली ने सरायपाली पुलिस को बताया कि 14 मई की रात्रि गांव के साथी करन रत्नाकर द्वारा अपने मोटर सायकल प्लसर क्र सीजी 07 एआर 4972 में पेट्रोल भराने जाना है, कहकर मुझे एवं प्रकाश चौहान को सागरपाली पेट्रोल पंप चलने कहा। इसके बाद तब हम दोनों उसके साथ उसके मोटर सायकल में गये। वह शराब पिया हुआ था, जिस पर मैने उसे मोटर सायकल चलाने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना और मैं ठीक हूं कहकर अपनी बाइक में बिठाकर मुझे एवं प्रकाश चौहान को सागरपाली ले गया। प्रार्थी ने बताया कि जब सागरपाली पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराकर तीनों उसके मोटर सायकल से वापस घर सुखापाली आ रहे थे। इस दौरान बाइक को करन रत्नाकर चला रहा था, बीच में प्रकाश चौहान और उसके पीछे मैं बैठा था। जब सागरपाली पेट्रोल पंप से आगे पहुंचे ही थे कि करन रत्नाकर ने अपनी मोटर सायकल को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए रोड किनारे लगे बबूल पेड़ से टकराकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया।

### बैठक : संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, बाल पोषण सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के दिए निर्देश

# आम लोगों के लिए स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सेवा अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




शुक्रवार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ कर्मचारियों, मैदानी स्तर के अमलों के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी विकासखंड के बीएमओ, संबंधित नोडल अधिकारी, बीपीएम, मितानीन प्रभारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सेवा अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो, इसका पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं का नियमित पंजीकरण, मातृत्व सुरक्षा अभियान अन्तर्गत नियमित जांच एवं आवश्यक परामर्श प्रदान करने के साथ ही संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, बाल पोषण सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी मरीजों को अस्पताल के व्यवस्था अनुरूप चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराये।

### आयुष्मान कार्ड पंजीयन में छुटे हुए लोगों का पंजीयन कराये

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु की टीम स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचकर बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कर उपचार करें। आयुष्मान कार्ड पंजीयन में छुटे हुए लोगों का पंजीयन कराये। कलेक्टर ने बैठक में विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को सभी अस्पतालों में मरीजों के लिए आवश्यक मात्रा में दवाइयां भंडारण करने, अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करने तथा अस्पताल में उपलब्ध अधोसंरचना का बेहतर से बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल को नियमित रूप से साफ-सफाई कराने एवं सर्व सुविधायुक्त बनाए रखने की बात कही। ताकि विशेष परिस्थितियों में आने वाले मरीजों को इलाज में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को उनके निर्धारित मुख्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की सेवा करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी जिला स्तरीय एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों को अपने क्षेत्र में निगरानी रखते हुए नियमित क्षेत्र भ्रमण करने कहा। जिन क्षेत्रों में बीमारी फैलने की संभावना अधिक रहती है, ऐसे क्षेत्रों पर स्वास्थ्य टीम पहले से पहुंचकर उनके रोकथाम के लिए आवश्यक पहल करें। इस दौरान कलेक्टर ने बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित अन्य सभी योजनाओं की भी समीक्षा कर योजनाओं में प्रगति लाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

### गर्भवती माताओं का शत- प्रतिशत पंजीयन एवं एएनसी जांच करें

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए कहा कि प्रसव के दौरान महिला और शिशु की सुरक्षा के लिए ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने की योजना चलाई जा रही है। उन्होंने गर्भवती माताओं का निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत शत प्रतिशत पंजीयन एवं एएनसी जांच कराने, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड सहित अन्य आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में कम प्रगति वाले केन्द्रों के जिम्मेदार स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रारम्भ से ही गर्भवती महिला की जानकारी एकत्र कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान कर उन्हें जागरूक करने की बात कही। उन्होंने जिले में मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर एवं परिवार नियोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित टीकाकरण की जानकारी लेतु हुए बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। इसके अलावा सिकल सेल, एनिमिया सहित अन्य बीमारियों का भी जांच कर उपचार करने कहा। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आईएफए, कैल्शियम सहित अन्य आवश्यक दवाइयों का भंडार सुनिश्चित कर उनका हितग्राहियों को वितरित करने के लिए निर्देशित किया।

# जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर संतोष शर्मा के निर्देश पर तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन एवं विधिक सह परिविक्षा अधिकारी किशोर न्याय बोर्ड शरदचंद निषाद की उपस्थिति में जिला जेल गरियाबंद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक हितेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे। साक्षरता शिविर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर ने बताया कि जिला जेल में निरूद्ध बंदियों को अपने प्रकरण के विचारण हेतु गरीबी स्थिति के कारण अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर पाने की स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा उन्होंने जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में बताया। न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड/न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन प्रधान द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को समझाईश देते हुए अपराध की पुनर्रावृत्ति नहीं करने का संकल्प दिलाया एवं बंदियों को जेल नियमावली के अनुसार अनुशासन में रहने को कहा। शरदचंद निषाद द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत लिपकिय त्रुटी वश जो आरोपी 18 वर्ष से कम उम्र के हैं और उन्हें जेल में निरूद्ध किया गया है, ऐसे आरोपी अगर जेल में निरुद्ध हैं, तो जेल अधीक्षक, संबंधित न्यायालय व जेल निरीक्षण समिति जो प्रत्येक त्रैमास में जेल का निरीक्षण करती है उन्हे अवगत करा सकते हैं। ताकि उन्हें जेल में न रखकर बाल सम्प्रेक्षण गृह भेजा जा सके की जानकारी दी गई।

# भीषण गर्मी में बेसहारा मवेशियों के लिए पानी तक का भी इंतजाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



किसान की गौमाता कही जाती थी आज उसी किसान की लाठी खाने को मजबूर है। भूखी प्यासी गायें जब खेतों में फसल खाती हैं तो उन्हें दुत्कार कर सड़कों और शहरों की ओर खदेड़ दिया जाता है। किसान की भी मजबूरी है कि चारागाह और जंगल है नहीं और फसलों को भी बचाना है। गांव से लेकर शहर की सड़कों तक में यही पूज्यनीय गायें कूड़ा, कचड़ा, पॉलीथीन, गंदगी खाने को मजबूर हैं। इसके चलते अधिकांश आवारा घुमंतू गायें बीमार हैं। उनके पेट में पॉलीथिन की गठरियां जमा हो रही हैं। गौमाता गांव, गरीब व किसान की पोषण सुरक्षा से लेकर ऊर्जा शक्ति का द्योतक रही हैं। देशी गाय का दूध, दही, छाछ व घी ने जहां थाली को पोषण सुरक्षा प्रदान की है। वहीं गायों के बछड़ों द्वारा जवान होकर खेती में किसान के कमाऊ पूत बनकर उनकी पूरी सेवा की गई है लेकिन मशीनीकरण के दौर में कम उत्पादक होने के कारण गायों की नस्लों को रों को हमने आवारा बनाकर छोड़ दिया है जो आज गांव, खेत, जंगल से लेकर शहरों और सड़कों पर बेबस और लाचार बनकर दर-दर की ठोकरे खाती हुई घूम रहीं हैं। घुमंतू गायों के संरक्षण के लिए सरकारों के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा काम किया जा रहा है गौशाला में आवारा घुमंतू गौवंश के संरक्षण के प्रयास हो रहे हैं। चारा पानी के अभाव में मवेशी सड़कों पर पड़े पालीथीन से अपना भेट भरने को मजबूर हैं। पालीथिन न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है। बल्कि पालतु व बेसहारा मवेशियों की भी जान की दुश्मन बन रही है। पालीथिन खाकर मवेशी असमय काल के गाल में समा रहे हैं। सड़कों पर गायों व अन्य पशुओं के जमावड़े के कारण लोगों का चलना दूभर हो गया है। सड़कों के बीच में बैठी गायों व अन्य मवेशियों के कारण यातायात बाधित होता है। इससे अक्सर हादसे होते रहते हैं। इसमें लोगों के साथ ही गाय व अन्य पशु घायल हो जाते हैं। जिन लोगों ने गाय पाल रखी है। है वे इन्हें खुला छोड़ देते हैं। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने पंचायत से लेकर पुलिस तक से शिकायत कई दफा कर चुके हैं लेकिन इसका समाधान नहीं निकल पाया।

# नौतपा 25 से शुरू, 8 जून को समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ज्येष्ठ माह में 9 दिन ऐसे होते हैं जिसमें भीषण गर्मी पड़ती है, इन्हें नौतपा के नाम से जाना जाता है। नौतपा के दौरान सूर्य देव अपने पूरे चरम पर रहते हैं असहनीय आग बरसाते हैं। इंसानों के साथ प्रकृति पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। पेड़-पौधे, तालाब, सूखने लगते हैं। वहीं इस साल नौतपा 25 मई से शुरू होगा। इस दिन सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे तथा नौतपा का समापन 8 जून को होगा। इस दिन सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में चले जाएंगे। ये नौ दिन धरती आग की तरह तपती है, सूर्य देव के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा का प्रारंभ हो जाता है। सूर्य ज्येष्ठ माह में 15 दिन के लिए रोहिणी नक्षत्र में आते हैं, जिसमें 9 दिन नौतपा रहता है। रोहिणी नक्षत्र में आते ही पृथ्वी का तापमान बढ़ जाता है वैज्ञानिक दृष्टि के अनुसार मई के आखिरी सप्ताह में सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी सबसे कम होती है इसलिए इस दिन भीषण गर्मी पड़ती है। नौतपा के दौरान सूर्य देव का रूप बहुत ही प्रचंड स्वरूप में होते हैं। इसीलिए लोगों को ठंडक पहुंचाने वाली चीजें जैसे तरबूज, खरबूज, आम सत्तू, शरबत, पंखा, छाता, जूते दान करना अच्छा माना जाता है। नौतपा में बेजुबान जानवरों, पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करें पेड़ों को निरंतर जल दें। कहते हैं इससे सोया भाग्य जाग उठता है, नौतपा के दौरान मंदिर में कालीन या हरी घास की पट्टी लगवा दें। ताकी आने जाने वालों के पैर न जलें, ये छोटा सा काम आपकी तरक्की के रास्ते खोलता है।

## दो किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने बस स्टैंड से तीन लोगों के पास से दो किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नवीनतांडी पिता सुखो तांडी (24) निवासी बैतारी के साथ दो अन्य लोगों के कब्जे से दो किलो गांजा कीमत 40000 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# घटकर्रा स्कूल के 14 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका




छुरा ब्लॉक कार्यालय के अंतिम छोर में बसे शासकीय हाई स्कूल घटकर्रा, में इस वर्ष 14 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का अब तक का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुष्यंत कुमार ने 93.66 %, पेमेश कुमार ने 92.33 %, कुमारी प्रेमलता ने 85.5 %, कुमारी जागृति 82.83, कुमारी सानिय, भेषराम, कुमारी संध्या, दुर्गा, तूषार, यागेश, कुमारी सीमा, चंद्रकिरण, कुमारी हिमानी, कुमारी मनीषा ने भी बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का मान बढ़ाया है। इन्हें विद्यालय परिवार की और से 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व पर सम्मानित किया जाएगा। इनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य सुशीला कुजूर, एस. हीरा नायडू, संजय वर्मा, दीपक कुमार नाग, मनीषा साहू, लक्ष्मी दीवान, ओमप्रकाश साहू व दिनेश वर्मा ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### समर कैंप में बच्चों का भाषण, वाद विवाद व ड्राइंग पेंटिंग सिखाया जाएगा

# समर कैंप में फिंगेश्वर ब्लाक के 66 छात्र-छात्राएं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र–छात्रओं को समृद्ध और आकर्षक, अनुभव प्रदान करने कौशल विकास, शारीरिक, गतिविधियां, रचनात्मक अभिव्यक्ति, शैक्षणिक संवर्धन, सांस्कृतिक वैश्विक जागरूकता, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का निर्माण, स्व कौशल विकसित करने के उद्देश्य से गरियाबंद में पांच दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसमें फिंगेश्वर ब्लाक के रक्सा स्कूल, पथर्रा एवं मौलीपारा फिंगेश्वर स्कूल के 66 छात्र - छात्राएं समर कैम्प में भाग लेने हेतु रवाना हुए हैं।विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने बताया कि समर कैंप बच्चों के लिए कई मायने में महत्वपूर्ण है। जिसमें उन्हें सीखने-समझने, जानने, कला विकसित करने और नए कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। इस कैंप में बच्चों और किशोरों के लिए सीखने और मनोरंजन करने का एक आदर्श मंच है। इस ग्रीष्मकालीन समर कैंप में बच्चों का भाषण, वाद विवाद, ड्राइंग पेंटिंग, संगीत,नृत्य, क्रीड़ा के साथ-साथ योग आदि सिखाया जाएगा। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों को नए अवसर तलाशने, नए वातावरण में समय बिताने और नई चीजों को आजमाने का मौका देते हैं, जो उनके आत्म विश्वास और स्वतंत्रता को विकसित करने का सबसे अच्छा तरीका है। इसके साथ-साथ इस समर कैंप के दौरान बच्चे अन्य बच्चों से मिलेंगे। जिससे उन्हें अन्य बच्चों के साथ बातचीत करने, मेलजोल बढ़ाने और नए दोस्त बनाने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, देवेंद्र बहल, अनिल ध्रुव संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू, संकुल समन्वयक धमेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक सोनवानी, डीहू रावत जित्तू खूंटे, निधि ठाकुर प्रधान पाठक, प्रेम कुमारी साहू, गीता साहू, हेमलता साहू, विनोद साहू, राजेश साहू, अमीरचंद साहू व भागीरथी साहू उपस्थित थे।

